7 जनवरी 2019 (दैनिक भास्कर)

मूर्ति का अनावरण • कंगला मांझी के नाम पर कॉलेज का नामकरण पूर्ववर्ती रमन सरकार ने किया

# कंगला मांझी ने पैदल यात्रा कर समाज के लोगों को जागृत किया

## मांझी का संघर्ष देखकर कांग्रेस सरकार ने 1956 में राष्ट्रध्वज दिया

भास्कर न्यूज|डौंडी

क्रांतिवीर कंगला मांझी की मूर्ति का अनावरण शनिवार को डौंडी के शासकीय कंगला मांझी कॉलेज में मांझी सरकार की राजमाता फुलवा देवी ने किया। राजमाता ने कहा कि देश की आजादी के लिए क्रांतिकारी लोगों ने संघर्ष किया, उस समय गरीब और अनपढ़ लोग थे जो कि आर्थिक रूप से कमजोर थे। मांझी के संघर्ष को देखकर सन 1956 में कांग्रेस सरकार ने कंगला मांझी को राष्ट्रध्वज दिया, ताकि वे जहां भी जाएं उनकी उपस्थिति दिखे और पहचान बने। उस समय मोटर, गाड़ी और सड़क कम था इसलिए मांझी पैदल ही यात्रा करके समाज के लोगों को जागृत किया। राजमाता ने प्रदेश के तत्कालीन रमन सरकार के बारे में कहा उनके सरकार ने डौंडी में कंगला मांझी के नाम पर कॉलेज नामकरण किया।

## नायक को नमनः अनावरण राजमाता फुलवा देवी ने किया





डौंडी. मांझी के मूर्ति का अनावरण करते, अनुशासित रूप से बैठे मांझी सरकार के सैनिक तथा कॉलेज स्टाफ।

### बच्चे मन लगाकर पढ़ें और कॉलेज का नाम रोशन करें

उन्होंने बच्चों से कहा कि वे लोग मन लगाकर अध्ययन कर आगे बढ़े और इस कॉलेज के साथ अपने गांव का नाम रोशन कर अपना भी भविष्य गढ़ें। राजमाता ने बताया कि डौंडी कॉलेज के प्राचार्य यूके मिश्र अपने खर्चे पर मांझी धाम बघमार में पुस्तकालय का संचालन कर योगदान दे रहे हैं। बच्चे यहां से शिक्षा व अध्यापन कर सकते हैं।

### एमए की कक्षा शुरू करने की मांग भी की गई

छात्रसंघ अध्यक्ष धनेश्वरी ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में इस कालेज की स्थापना 2006 में हुई। वर्तमान में 576 छात्र-छात्राएं यहां अध्ययनरत है। जिनमें आदिवासी छात्राओं की संख्या अधिक है। इस कॉलेज के स्टूडेंट स्नातक स्तर पर पढ़ाई तो कर लेते हैं, परंतु एमए करने के लिए दल्लीराजहरा या बालोद की ओर देखना पड़ता है। इसलिए एमए खुलवाया जाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार परदेशी राम वर्मा, कुंभदेव कांगे, नारायण सिंह गोर्रा, पीयुष सोनी, शंकर पीपरे, कैलाश राजपूत, कोमेश कोर्राम, कालेज के छात्रसंघ प्रभारी वीके कोमा, एनके सांकरे, आरपी निषाद, यागेश्वर साहू, दीपक मेश्राम, राधेश्वरी देशमुख, चारूलता फिलिप, भूमिका साहू, पदमावती साहू, गीता देवांगन, छात्र संघ उपाध्यक्ष प्रीति, सचिव अंकित सिन्हा, सह सचिव देविका मौजूद थे।

## फास्ट फारवर्ड



# निबंध में राहुल व रंगोली में दिव्या प्रथम

■ डौंडी. शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता प्रतिशत बढ़ाने निबंध प्रतियोगिता, रंगोली, नारा लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल कुमार बीए अंतिम, द्वितीय स्थान संगीता सलामे बी.एस.सी. अंतिम, नारा लेखन में प्रथम स्थान राहुल कुमार बीए अंतिम, द्वितीय स्थान मिथलेश कुमार बी.ए.द्वितीय, रंगोली प्रतियोगीता में प्रथम स्थान दिव्या कोमरे बीए प्रथम, द्वितीय स्थान महेन्द्र कुमार एवं मिथलेश कुमार बी.ए. द्वितीय, वाद-विवाद में प्रथम स्थान पक्ष में बलराम बीए द्वितीय एवं विपक्ष में रीतू रावटे बीए अंतिम रही. साथ ही महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता बढ़ाने हेतु व्याख्यान का आयोजन भी किया गया. जिसके मुख्य अतिथि सोनित मेरिया, तहसीलदार तहसील, विशेष अतिथि ईश्वर लाल ढाले, कानूनगो तहसील डौण्डी थे. तहसीलदार सोनित मेरिया ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के प्रक्रिया बताया. स्वीप प्रभारी व्हीके कोमा ने एक एक वोट का महत्व बताते हुए कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम सब अपना वोट का उपयोग करें और एक अच्छे मतदाता होने का परिचय दें. प्रभारी प्राचार्य एनके साकरे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी मत का प्रयोग करें और एक ईमानदार व्यक्ति को चुनें ताकि वह समाज का विकास कर सकें. वरिष्ठ प्राध्यापक गिरिजा पटैला ने कहा कि हमें मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगो को अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यता है. इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रध्यापकगण आरपी निषाद, योगेश्वर साहू, दीपक मेश्राम, डॉ. चारूलता फिलिप, भूमिका साहू, श्वेता देवांगन, पदमिनी साहू, गीता देवांगन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. संचालन राधेश्वरी देशमुख एवं कैम्पस एम्बेसडर चन्द्रभान द्वारा किया गया.

# ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर नाले में गिरा

Annual function 2018

Dainik Bhaskar 08/01/18

# आर्थिक साधन ही सब कुछ नहीं है, आपके मन में जज्बा हो तो आगे बढ़ सकते हैं: डॉ. अग्रवाल

## डौंडी में शासकीय कंगला माझी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने लोक गीत व नृत्य की दी प्रस्तुति

भास्कर न्यूज | डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज में शनिवार को प्रतिभा सम्मान, पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया थी। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र ने की। विशेष अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्ग यूनिवर्सिटी के डॉ. आरपी अग्रवाल ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए आर्थिक साधन ही सब कुछ नहीं होता। अगर मन में जज्बा हो और कठिन परिश्रम करना सीख गए तो हम आगे बढ़ सकते हैं। यह सब मुझे यहां देखने को मिला।

आदिवासी व पिछड़े हुए क्षेत्र होने के बावजूद यहां छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही हैं। साथ ही परीक्षा परिणाम भी अच्छा आ रहा हैं। यहां से निकलकर छात्र-छात्राएं दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई, रायपुर में जाकर उच्च शिक्षा ले रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले



डौंडी. शासकीय कंगला माझी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया। कालेज में पेयजल की समस्या से अवगत कराने पर ग्राम पंचायत कामता के सरपंच धनसिंह नायक ने कॉलेज परिसर में हैंडपंप सुविधा देने की घोषणा की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ी गीत व नृत्य करमा, ददरिया, सुआ व बारहमासी, नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति हुई। ईशु मानकर व प्रीतम ने महंगाई, बेरोजगारी पर आधारित नाटक का मंचन किया। समारोह में विधायक प्रतिनिधि पीयुष सोनी, शंकर पिपरे, छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकांता गौर, उपाध्यक्ष नाहिद खातुन, छात्रसंघ प्रभारी व्हीके कोमा, वरिष्ठ प्राध्यापक एनके साकरे, राधेश्वरी देशमुख, सचिव जयपाल व सहसचिव हेमलता उपस्थित थे।

वार्षिकोत्सव : 06/01/2017

**मनाया उत्सव** शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिखरी लोक संस्कृति की छटा

# कॉलेज छात्राओं ने किया सुवा व पंथी नृत्य

दैनिक भास्कर 08/01/17

भास्कर न्यूज | डौंडी



डौंडी. शासकीय कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।



डौंडी. शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद लोग।

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान एवं वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। छात्रों ने छत्तीसगढ़ी, लोक संस्कृति पर आधारित कर्मा, सुवा, ददरिया, पंथी में सामूहिक व एकल नृत्य नाटक, प्रहसन, फिल्मी गीत, नृत्य की प्रस्तुति ने तालियां बटोरी। कॉलेज की प्रतिभवान छात्रा सीमा नुरेटी (एथेलेटिक्स), दमियंती, अनिता, रूपाली दुबे मेडल एवं प्रमान पत्र देकर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि राजमाता फुलवा देवी ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि माता पिता जन्म देते हैं परन्तु प्राध्यापक और शिक्षक के मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राएं जीवन की ऊंचाई को छूते हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लोमश ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि पीयुष सोनी ने अपनी अभिव्यक्ति में हर कदम पर कालेज को सहयोग देने का वादा किया। प्राचार्य मिश्र ने स्वागत भाषण में कॉलेज के छात्र हेमंत नायक का राष्ट्रीय स्तर के शिविर का उल्लेख किया। मांझीधाम बघमार के कंगला मांझी के नाम पर पुस्तकालय खोलने के लिए राजमाता ने 11 हजार रुपए का चेक दिया। अध्यक्षता प्रोफेसर यूके मिश्रा ने की। विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुम्भदेव कांगे, राजकुमारी कांगे, रेवा रावटे थे। कार्यक्रम में छात्र संघ अध्यक्ष कुमारी नंदिनी धनकर, सचिव चुरेन्द्र, उपाध्यक्ष चन्द्रभान, एवं सहचिव अनिल कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गिरिजा पटैला, चारूलता फिलिप, एन के साकरे, मुकेश डहरवाल, एसके साहू, विनोद कुमार कोमा आदि मौजूद रहे।